<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय विद्यार्थियों का ट्रस्ट में चयन

पंतनगर। 13 जुलाई 2022। नेशनल स्मॉलहोल्डर पोल्ट्री डेवलपमेन्ट ट्रस्ट (एन.एस.पी.डी.टी), नई दिल्ली में पंजीकृत एक निजी चैरिटेबल ट्रस्ट है तथा ग्रामीण भारत में गरीब महिलाओं को सफल पोल्ट्री उद्यम शुरू करने एवं चलाने में सक्षम बनाता है और पेशेवर उत्कृष्टता एवं सम्पूर्ण विकास के सर्वोत्तम मानकों को स्थापित करते हुए सुसंगठित व सशक्त छोटे धारक कुक्कुट किसानों के एक कुशल किसान–स्वामित्व वाले नेटवर्क के उद्भव को प्रेरित करने, प्रोत्साहित करने, सुविधा प्रदान करने और बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से विश्वविद्यालय के 04 विद्यार्थियों को चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त लगभग पैकेज 5. 00 लाख रूपये वित्तीय तथा अन्य सुविधाएं प्रतिवर्ष देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासो की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय, डा. दीपा विनय ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।